प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला

08.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे

एनपीएस–योजना

राष्ट्रीय पेंशन योजना–एनपीएस में शामिल होने वाले कुल उपभोक्ताओं की संख्या इस वर्ष मार्च में दो करोड़ 17 लाख तक पहुंच गई है। पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा विनियमित यह योजना सेवानिवृत्ति के बाद नागरिकों को दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। इस प्रबंधन की परिसंपत्तियां एनपीएस के तहत लगभग 16 लाख करोड़ तक पहुंच चुकी हैं। अटल पेंशन योजना में शामिल होने वाले लोगों की संख्या भी 8 करोड़ 96 लाख से अधिक की हो चुकी है। इस योजना का शुभारंभ मई 2015 में किया गया था।

एशिया कप

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने एशिया कप में शानदार प्रदर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने वाले स्पीति घाटी के लोसर गांव के युवा खिलाड़ी तंजीन टशी को सम्मानित किया। गौरतलब है कि भारतीय टीम में हिमाचल से शामिल एकमात्र खिलाड़ी तंजीन टशी ने प्रतियोगिता में कई शानदार गोल किए और चीन के खिलाफ मैच में "मैन ऑफ द मैच" का खिताब भी हासिल किया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल स्पिति जिला संवाददाता–

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले प्रदेश के कर्मचारियों से ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल करने का वादा किया था और इसे अपनी प्रमुख गारंटी के रूप में प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा कि सरकार के आश्वासनों पर विश्वास करते हुए बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने ओपीएस को चुना, जबकि कुछ कर्मचारियों ने एनपीएस में बने रहने का निर्णय लिया। सिकंदर कुमार ने कहा कि आज स्थिति यह है कि एनपीएस कर्मचारियों को केंद्र सरकार की दरों के अनुसार लगभग 60 प्रतिशत डीए दिया जा रहा है, जबकि ओपीएस कर्मचारियों को राज्य सरकार की दरों के अनुसार केवल 45 प्रतिशत डीए मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि समान पद, समान कार्य और समान जिम्मेदारियों के बावजूद कर्मचारियों के बीच इस प्रकार का अंतर पूरी तरह भेदभावपूर्ण है।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

नए वैश्विक आर्थिक क्रम में भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज शिमला में शुरू हुआ। कोटशेरा कॉलेज शिमला और देश भगत यूनिवर्सिटी मंडी गोबिंदगढ़ पंजाब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर महावीर सिंह ने किया।

उन्होंने सम्मलेन को आज के परिपेक्ष में महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है जो सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

सम्मेलन में विशेषज्ञ वैश्विक आर्थिक चुनौतियों, पर्यावरण व तकनीकी सहित सभी क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे और आगे की कार्ययोजना तैयार करेंगे ताकि भारत को आर्थिक रूप से मजबूत किया सके।

राकेश जम्वाल

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस के शासनकाल में हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति पूरी तरह चरमरा चुकी है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को कर्मचारियों के वेतन, पेंशन और दैनिक खर्च चलाने के लिए लगातार कर्ज लेना पड़ रहा है, जो इस सरकार की विफल आर्थिक नीतियों का सबसे बड़ा प्रमाण है। राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पास न तो आर्थिक दृष्टि है और न ही वित्तीय प्रबंधन की कोई स्पष्ट नीति। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने सत्ता में आने के बाद प्रदेश की जनता को राहत देने के बजाय केवल महंगाई बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की जनता के हितों की आवाज उठाती रहेगी और कांग्रेस सरकार की जनविरोधी, आर्थिक रूप से विफल और पक्षपातपूर्ण नीतियों को लोगों के बीच उजागर किया जाएगा।

———————————————————————————————————————
———————————————————————————————————————